54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.2°c अधिकतम 36.0 °c

**पाठकों के लिए सूचना**

प्रिय पाठकों,
आज आपका प्रिय समाचार पत्र मुजफ्फरनगर बुलेटिन 8 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है। कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 8 पृष्ठ लेना न भूलें। -व्यवस्थापक

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 7:00 | वर्ष : 54/ अंक : 224 | शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 8

अखिलेश यादव को मुख्यमन्त्री और आजम खान को गृह मंत्री बनाना है : शिवपाल यादव

हजारों ख़्वाहिशें ऐसी कि हर ख़्वाहिश पे दम निकले...बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले........




















144 करोड़ भारतियों के विकास के लिये की गई शोध देखने के लिये क्यू आर कोड स्कैन करें।

विज्ञापन के क्षेत्र में काम करने हेतु युवक/युवतियाँ अपना आवेदन करें-
reshu.sprakash@gmail.com

54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.2°c अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 7:00 | वर्ष : 54/ अंक : 224 | शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

विचार किसी व्यक्ति में नहीं, बल्कि सृष्टि में अवस्थित है। किसी सत्य का सृजन नहीं किया जा सकता, केवल उसे जाना जा सकता है।

**अखिलेश यादव को मुख्यमन्त्री और आजम खान को गृह मंत्री बनाना है : शिवपाल यादव**



हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर . ख्वाहिश पे दम निकले...बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले........

# चालीस राउंड गोली चलाकर की थी हत्या, चार को फांसी की सजा

## 1 शामली के भभीसा गांव में मां के साथ हुए विवाद पर हुई हत्या का खूनी बदला बना कारण

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** शामली जनपद के गांव भभीसा में 12 साल पूर्व रंजिश के चलते ताबड़तोड़ फायरिंग कर किसान पवन कुमार की हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफटीसी कोर्ट नम्बर 3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने चार आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने इस हत्याकांड को रेयरेस्ट ऑफ द रेयर बताते हुए प्रत्येक आरोपी पर 1.60 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इनमें एक आरोपी राहुल बोसी पर आर्म्स एक्ट में दस हजार रुपए अतिरिक्त अर्थदंड लगाया गया है। मुख्य आरोपी विपुल खूनी ने मां के साथ पवन के बेटे आशु की नोकझोंक होने की रंजिश में यह हत्या की गई। मामले के एक आरोपी अमित की पत्रावली पर सुनवाई विचाराधीन है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 जुलाई 2014 को कुख्यात विपुल खूनी के गिरोह ने भभीसा में एक युवक की हत्या की थी। इस हत्याकांड में विपुल खूनी की मां राजेश ने गांव के पवन कुमार के बेटे आशु का नाम लिखवा दिया था। फर्जी नामजदगी कराने पर कोचिंग से आते समय आशु व राजेश के बीच नोकझोंक हो गयी थी। इसी रंजिश को लेकर 14 जुलाई 2014 को विपुल खूनी ने अपने साथी रामवीर निवासी पीरखेडा थाना झिंझाना शामली, राजीव उर्फ छोटू व अमित निवासीगण मोहल्ला रामनगर थाना बड़ौत बागपत, राहुल उर्फ बोसी निवासी गांव भभीसा व हरेन्द्र निवासी गांव कंजरखेडी थाना बाबरी ने गांव अशोक कुमार के मकान में हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर आतंक मचा दिया था। हाथ में गोली लगने से पवन का भाई अशोक घायल हो गया था। शोर शराबा सुनकर उसका छोटा भाई पवन कुमार बाहर आया तो हमलावरों ने उसे गोली मारकर हत्या कर दी। अशोक की पत्नी नीलम व भाभी सोहनवीरी ने मकान में घुसकर जान बचाई थी। विपुल उर्फ खूनी और राहुल उर्फ घोसी भभीसा गांव के ही रहने वाले थे। वहीं, रामवीर वीरघेड़ा, राजीव बड़ौत और हरेंद्र कंजाहेड़ी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार हमलावरों ने लगभग 40 राउंड फायरिंग की। पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल से कारतूस के खोखे, खून लगी मिट्टी और अन्य सामान बरामद किया था। इन्हें भी कोर्ट में सबूत के तौर पर पेश किया गया।

## 2 न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने किसान पवन की हत्या को बताया रेयरेस्ट ऑफ रेयर अपराध

पीड़ित पक्ष के मुताबिक, आरोपी राहुल उर्फ घोसी के पास से हत्या में इस्तेमाल 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुए थे। उसे आर्म्स एक्ट के मामले में भी दोषी ठहराया गया। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कुलदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने विवेचना करते हुए 18 अक्टूबर 2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट नम्बर 3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में हुई। न्यायाधीश ने आरोपी रामवीर, राजीव उर्फ छोटू व राहुल उर्फ बोसी व हरेन्द्र को फांसी की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इसे रेयरेस्ट ऑफ द रेयर अपराध बताया।

**इन धाराओं में सुनाई गयी सजा-**

1. आईपीसी की धारा 302 में चारों आरोपियों को मृत्युदंड की सजा व एक लाख का जुर्माना।
2. आईपीसी की धारा 147 में दो वर्ष की सजा।
3. आईपीसी की धारा 148 में तीन वर्ष की सजा।
4. आईपीसी की धारा 307 में आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रुपए का जुर्माना।
5. आईपीसी की धारा 452 में सात साल की सजा व 10 हजार का जुर्माना।
6. 7 सीएलए में दो माह की सजा
7. आर्म्स एक्ट (केवल राहुल बोसी) को पांच वर्ष की सजा व 10 हजार का जुर्माना लगा है।



# मुस्लिम टेलर ने किशोरी के साथ दुकान में किया दुष्कर्म

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** जानसठ क्षेत्र के एक गांव निवासी मुस्लिम टेलर ने अपनी दुकान में बंद करके किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी टेलर को गिरफ्तार कर लिया। जानसठ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार को उसे पता चला कि गांव में एक टेलर ने उसकी 15 वषीर्या बेटी को अपनी दुकान में बंद करके रखा हुआ है। वह दुकान पर पहुंचा तो शटर बंद था और बाहर से ताला लगा हुआ था। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान का ताला तोड़कर शटर खोला। पुलिस को टेलर और किशोरी आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस ने टेलर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह अपना पुराना टॉप टेलर की दुकान पर ठीक कराने आई थी। टेलर ने पैसों का लालच दिया। इसके बाद टेलर का दोस्त अदनान बाहर से दुकान का शटर बंद करके ताला लगाकर चला गया। किशोरी का आरोप था कि टेलर ने उसके साथ जबरदस्ती गलत हरकत की। पुलिस ने आरोपी टेलर फिरोज व साथी अदनान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया। सीओ ऋषिका सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।



# नगर पंचायत के ट्रैक्टर से टकराई बाइक, पति की मौत, पत्नी व साला गंभीर घायल

**मीरापुर, 13 अगस्त (बु.)।** मीरापुर से मेरठ लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी और साले की बाइक कैथोड़ा पुलिस चौकी के समीप नगर पंचायत के ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चला रहे पति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और साला गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गुरुवार को मेरठ के तेजगढ़ी चौराहा निवासी दीपू पुत्र सुधीर अपनी पत्नी संजना व साले शिवा पुत्र तेजपाल निवासी मेरठ मैडिकल के साथ बाइक पर सवार होकर मीरापुर में कैथोड़ा पुलिस चौकी के समीप स्थित पीर पर चादर चढ़ाने आया था। दोपहर में उक्त तीनों एक ही बाइक से वापस मेरठ लौट रहे थे। जैसे ही ये कैथोड़ा पुलिस चौकी के समीप पहुंचे, तभी इनके आगे चल रहें नगर पंचायत के ट्रैक्टर व मोबाइल शौचालय से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक टकराने के बाद ट्रैक्टर के पीछे लगे शौचालय के पाइप में इनकी बाइक फंस गई और काफी दूर तक खिंचती चली गई। आस पास के लोगों ने शोर मचाकर ट्रैक्टर रुकवाया तो बाइक सवार दीपू, उसकी पत्नी संजना व साला शिवा नीचे सड़क पर जा गिरे। हादसे में बाइक चला रहे दीपू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी संजना और साला शिवा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कैथोड़ा चौकी इंचार्ज मोहित चौधरी व अन्य पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ भेजा तथा परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिजन भी सीएचसी जानसठ पहुँच गए। पुलिस ने मृतक दीपू के शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया।





# कर्ज से परेशान युवा व्यापारी ने सल्फास खाकर जान दी

**मीरापुर, 13 अगस्त (बु.)।** व्यापार में अधिक कर्ज होने से परेशान युवा किराना व्यापारी ने सल्फास खा लिया, उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में किराना व्यापारी की मौत हो गई।कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी नीरज सोमानी पुत्र गौरीशंकर सोमानी (40 वर्ष)थाने के समीप ही किराना की दुकान करता था युवा व्यापारी नीरज को एक वर्ष पूर्व व्यापार में घाटा हो गया था जिस कारण नीरज ने मीरापुर की स्टेट बैंक शाखा से कर्ज लिया था,किन्तु इसके बावजूद उसकी स्थिति बिगड़ती चली गई और उस पर भारी कर्ज हो गया, जिस कारण बैंक की किश्त भरने व अन्य कर्जदारों की देनदारी से व्यापारी नीरज परेशान चल रहा था,मौहल्लेवासियों के अनुसार नीरज पिछले कई दिनों से कर्ज को लेकर मानसिक तनाव में चल रहा था, इसी बात को लेकर नीरज व उसकी पत्नी ललिता भी कुछ दिनों से परेशान दिखाई दे रहे थे,गुरुवार की शाम कर्ज से परेशान युवा व्यापारी नीरज ने सल्फास खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, हालत बिगड़ती देख व्यापारी की पत्नी ललिता ने शोर मचाया तो पड़ौसी जमा हो गए और आनन-फानन में पत्नी और पड़ौसी व्यापारी नीरज को उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के यहाँ ले गए, जहाँ से चिकित्सक ने गंभीर हालत में उसे मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, जहाँ उसकी मौत हो गई, व्यापारी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मीरापुर पुलिस भी जिला अस्पताल पहुँच गई और मृतक व्यापारी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक व्यापारी के पड़ोसियों के अनुसार नीरज काफी समय से कर्ज से परेशान था और वह पिछले एक माह से लगातार शराब भी पी रहा था और प्रतिदिन चिल्ला चिल्ला कर जहर खाने की बात करता था।



### 6 माह पूर्व बैंक में भी जहर खाकर जान देने की बात कहकर आया था

मृतक व्यापारी नीरज सोमानी पर बैंक का भी काफी कर्जा था,पड़ोसियों के अनुसार लोन की किश्त जमा न करने के कारण एक बैंक शाखा के कर्मचारियों ने नीरज को कुछ समय के लिए बैंक में बैठा लिया था तथा रिकवरी कराने की बात कही थी जिस पर नीरज बैंक में भी जहर खाने की धमकी देकर आया था।






54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.2°c
अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 7:00 | वर्ष : 54/ अंक : 224 | शुक्रवार, 14 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | पृष्ठ : 3

**अमृतवाणी**

विचार किसी व्यक्ति में नहीं, बल्कि सृष्टि में अवस्थित है। किसी सत्य का सृजन नहीं किया जा सकता, केवल उसे जाना जा सकता है।

अखिलेश यादव को मुख्यमन्त्री और आजम खान को गृह मंत्री बनाना है : शिवपाल यादव



हजारों ख़्वाहिशें ऐसी कि हर . ख़्वाहिश पे दम निकले...बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले........


हवा से नहीं, फौजियों की साँसों से लहराता है हमारा "तिरंगा"

आप सभी जनपदवासियों को



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वीरों को नमन

भारत के विभाजन के दौरान लाखों लोगों ने असहनीय पीड़ा,विस्थापन और अपनों को खोने का दर्द सहा।
उनके त्याग, संघर्ष और बलिदान को राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा ।
राष्ट्र के नव- निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को साधुवाद ।
स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हम उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं विभाजन की विभीषिका के शिकार नागरिकों को

श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं,
जिनके बलिदान और संघर्ष के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं ।



यशपाल पंवार
पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा



लखमेंद्र खुराना
चेयरमैन- इस्कॉन (हरे कृष्णा) (BKK) जुहू, मुंबई
चेयरमैन- शाकुम्बरी देवी इंजीनियरिंग कॉलेज, निकट देहरादून
चेयरमैन- एक्सेल रियल्टी न इंफ्रा लिमिटेड (बिल्डर) (LISTED IN N.S.E & B.S.E)
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया) केन्द्रीय मंत्री श्री रामदास अठावले जी के साथ
सलाहकार- लायंस क्लब With District Governor 2024-2025
पूर्व डिस्ट्रिक्ट मेयर- लायंस क्लब With District Governor Raju Manwani

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के चलते कई मार्ग बंद




**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** 15 अगस्त 2026 को लाल किले में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे, जिसके कारण सार्वजनिक सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 15 अगस्त को लाल किले के आसपास के क्षेत्रों में यातायात संबंधी पाबंदियां लागू की जाएंगी। दिल्ली यातायात पुलिस ने लोगों को लालकिले के आसपास रास्तों से बचने की सलाह दी है। 15 अगस्त को सुबह 4 बजे से सुबह 10 तक सामान्य यातायात के लिए कई रास्ते बंद रहेंगे। केवल विशिष्ट लेबल वाले वाहन ही इन सड़कों पर प्रवेश कर पाएंगे। ये मार्ग हैं-नेताजी सुभाष मार्ग (दिल्ली गेट से छत्ता रेल चौक तक), लोथियन रोड (जीपीओ दिल्ली से छत्ता रेल चौक तक), एस.पी. मुखर्जी मार्ग (एच.सी. सेन मार्ग से यमुना बाजार चौक तक),चांदनी चौक रोड (फव्वारा चौक से लाल किला तक), निषाद राज मार्ग (रिंग रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक), एस्प्लेनेड रोड और इसका लिंक रोड (नेताजी सुभाष मार्ग तक) और रिंग रोड (राज घाट से आईएसबीटी तक)। दिल्ली यातायात पुलिस की उत्तरी रेंज के पुलिस उपायुक्त निशांत गुप्ता ने बताया कि जिन वाहनों के पास रिहर्सल के लिए पार्किंग लेबल नहीं हैं, उन्हें सुबह 4 बजे से सुबह 10 बजे तक सी-हेक्सागन इंडिया गेट, कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू पॉइंट, ए-पॉइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, जे.एल. नेहरू मार्ग, निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड, और निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट से सालिगढ़ बाईपास तक आउटर रिंग रोड आदि रास्तों से बचने की सलाह दी है।

## खराब खाने पर नवोदय के 95 छात्रों ने खुद को हॉस्टल में किया बंद, शुरू की भूख हड़ताल

**कन्नौज, 13 अगस्त (एजेंसी)।** जवाहर नवोदय विद्यालय में अव्यवस्थाओं से नाराज 10वीं से 12वीं तक के 95 छात्रों ने हॉस्टल में खुद को बंद कर लिया और भूख हड़ताल शुरू कर दी। छात्रों के भूख हड़ताल करने की जानकारी पर एसडीएम सदर, डीआईओएस, सीओ सिटी विद्यालय पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रधानाचार्य को हटाने और अव्यवस्थाओं को दूर कराने के लिए डीएम से बात करने पर अड़े रहे। अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह से लेकर 12वीं तक 550 छात्र अध्ययनरत हैं। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल बने हुए हैं। गुरुवार सुबह 10वीं से 12वीं तक के छात्रों नाश्ता लेने से इन्कार कर दिया और 95 छात्रों ने एकत्र होकर हॉस्टल बंद कर भूख हड़ताल शुरू कर दी। छात्रों के भूख हड़ताल करने की जानकारी प्रशासन तक पहुंची और डीआईओएस पप्पू सरोज, एसडीएम वैभव गुप्ता, सीओ सिटी शिल्पा वर्मा समेत नायब तहसीलदार विद्यालय पहुंचे। उन्होंने करीब आधे घंटे तक छात्रों से बात की, जिसके बाद छात्रों ने बताया कि भोजन में कच्चे चावल दिए जाते हैं।

# आज लोकसभा 1 मिनट-राज्यसभा 1 घंटे चली, संसद सत्र खत्म

### – मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूद रहे; बंदर के खिलौने के साथ विपक्ष का प्रदर्शन



**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली। लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन एमएमडीआर संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया। इधर, विपक्षी सांसद संसद के बाहर बंदर का खिलोना लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी और सुप्रिया सुले समेत अन्य सांसद मौजूद थे। मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है। इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई। वहीं, 2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक चला था। इसमें लोकसभा और राज्यसभा की 21-21 बैठकें हुईं। लोकसभा में सिर्फ 37 घंटे काम हुआ था।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पैकेज्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल लगाओ

### ज्यादा चीनी-नमक और फैट की जानकारी दो, सरकार ऐसा नहीं करती तो हम आदेश देंगे

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट्स के वॉर्निंग लेबल पर केंद्र सरकार और फूड सेफ्टी अथॉरिटी को आखिरी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि नमकीन, बिस्किट और चिप्स के पैकेट पर ज्यादा चीनी-नमक और फैट की चेतावनी देने वाले वॉर्निंग लेबल लगाने पर अगर सरकार फैसला नहीं ले पा रही है तो हम आदेश जारी करेंगे। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि पहले भी आपको सख्त न्यूट्रिशन वॉर्निंग को लेकर निर्देश दिए थे फिर आनाकानी क्यों । हमने जो कहा है, आपको करना चाहिए, क्या आप पर कॉर्पोरेट घरानों का दबाव है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम जनता के हित में काम कर रहे हैं, अपने लिए नहीं। आपने अब तक क्या किया। 6 महीने पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा था कि पैकेज्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल लगाने पर विचार किया जाए।

# जेल में प्रज्जवल रेवन्ना के फोन से 90 पोर्न-वीडियो मिले



**बेंगलुरु , 13 अगस्त (एजेंसी)।** सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल में 90 पोर्न वीडियो मिले हैं। जब्त फोन की फोरेंसिक जांच जारी है। जांचकर्ता फोन में मौजूद वीडियो, तस्वीरों और अन्य डिजिटल डेटा की जांच कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि सामग्री कहां से आई और इसका आपराधिक मामले से कोई संबंध है या नहीं। सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को जेल में छापेमारी की थी। रेवन्ना के पास फोन मिलने के बाद नई एफआईआर दर्ज की गई है। जेल में बंद अंडरट्रायल कैदी प्रताप राय को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। प्रज्वल जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एचडी रेवन्ना का बेटा और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता है। वह महिलाओं से रेप केस में अगस्त 2025 से उम्रकैद की सजा काट रहा है।

# हरियाणा-जीटी रोड जाम, उग्र भीड़ पर आंसू गैस के गोले:बच्चे स्कूल में फंसे, कई वाहन टूटे



**अंबाला, 13 अगस्त (एजेंसी)।** हरियाणा के अंबाला में पुलिस और सिख संगत के बीच गुरुवार दोपहर में हुए टकराव के बाद हालात बिगड़ गए। दोपहर करीब 1 बजे भीड़ जीटी रोड जाम करने बढ़ने लगी। पुलिस की बेरिकेडिंग को भी तोड़ दिया। जिसके बाद आंसू गैस के गोले दागे गए। इसके बावजूद लोग नहीं रूके और अंबाला सिटी में जग्गी सिटी सेंटर के बाहर ट्रैक-ट्रॉलियां खड़ी करके जाम कर दिया। अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन और एसपी अजीत शेखावत प्रदर्शनकारियों को समझाने पहुंचे। शाम 6 बजे तक भी रोड खुलवाया नहीं जा सका। भीड़ की दो मांगें हैं। पहली, इंटरनेशनल एंटी खालिस्तान टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड पर रिपोर्ट दर्ज की जाए। दूसरी, मंड पर हमले के आरोप में गिरफ्तार दो लोगों की रिहाई हो। दरअसल, 7 अगस्त को मंड सिक्योरिटी के साथ श्री पंजोखरा साहिब गुरुद्वारे पहुंचे थे। उसी दौराम विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि मंड की गाड़ी ने संगत को टक्कर मार दी। इसके बाद गुस्साई भीड़ व निहंगों ने मंड को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और इनोवा गाड़ी तोड़ दी थी। सिख जत्थेबंदियों का आरोप है कि मंड की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मंड के खिलाफ दी गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को गुरुद्वारा साहिब में बैठक बुलाई गई थी। रात करीब आठ बजे पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

# केरलम में सावरकर से जुड़ा सवाल पूछने पर टीचर सस्पेंड

**तिरुअनंतपुरम, 13 अगस्त (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने सावरकर पर गलत सवाल बनाने के आरोप में सस्पेंड एक टीचर की याचिका पर सुनवाई की।

जस्टिस विजू अब्राहम ने सरकार से पूछा कि टीचर ने कौन सा गैरकानूनी काम किया, जो उसे सस्पेंड कर दिया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा- जब अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा चुकी है, तब सस्पेंशन जरूरी क्यों था। शिक्षक की कोई दूसरी मंशा रही हो सकती है, लेकिन क्या सिर्फ गलत सवाल रखने पर ऐसा किया जा सकता है। दरअसल, 6 अगस्त को कोच्चि में स्कूल लेवल के सोशल साइंस क्लब फ्रीडम क्विज 2026 रखा गया था। टीचर गुरु प्रसाद राय ने इसके लिए सवाल बनाए थे। हाईकोर्ट ने सरकार को वह खास वजह बताने का भी निर्देश दिया, जिसके आधार पर टीचर पर एक्शन हुआ। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। टीचर गुरु प्रसाद ने क्विज में सवाल रखा, ब्रिटिशर्स के हाथों सबसे ज्यादा सजा पाने वाले स्वतंत्रता सेनानी कौन हैं? इसके जवाब में उन्होंने वीडी सावरकर का नाम लिखा था।

# तिरंगा यात्रा में 80 छात्राएं बेहोश, उल्टियों से तबीयत बिगड़ी



**देवरिया, 13 अगस्त (एजेंसी)।** गुरुवार दोपहर तिरंगा यात्रा में शामिल 80 छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। स्कूल पहुंचते ही कई छात्राएं बेहोश हो गईं। उल्टियां होने लगीं। आननफानन में उन्हें देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। एक साथ इतनी छात्राओं के अस्पताल पहुंचने से ट्रॉमा सेंटर में अफरा-तफरी मच गई। बेड कम पड़ गए। कुछ छात्राओं को जमीन पर लिटाकर इलाज किया गया, जबकि एक-एक बेड पर दो-दो छात्राएं लिटाई गईं। 6 से ज्यादा डॉक्टरों की टीम छात्राओं के इलाज और निगरानी में जुटी रही। हालत में सुधार होने पर 21 छात्राओं को घर भेज दिया गया, जबकि करीब 59 छात्राएं अभी भी भर्ती हैं। सभी कस्तूरबा बालिका विद्यालय की 6 से 12वीं क्लास की छात्राएं हैं। डॉक्टरों का कहना है बच्चियों ने कुछ खाया नहीं था। भूखे-प्यासे धूप में खड़े रहने के कारण छात्राएं सीवियर डिहाइड्रेशन का शिकार हुई हैं। फिलहाल छात्राओं की स्थिति खतरे से बाहर है।

# प्रधान जी ने उपलब्ध नहीं कराया बच्चों के लिए दूध



**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लॉक सदर के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पचेन्डा कला-2 में बच्चे आंशिक रूप से यूनिफॉर्म में पाए गए। इंचार्ज अध्यापक को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चे प्रतिदिन यूनिफॉर्म पहनकर विद्यालय आए, यह सुनिश्चित किया जाए। इंचार्ज अध्यापक द्वारा बताया गया कि आज बच्चों को दूध का वितरण नहीं हुआ है क्योंकि ग्राम प्रधान जी के द्वारा आज स्कूल के बच्चों के लिए दुग्ध उपलब्ध नहीं कराया गया। प्राथमिक विद्यालय पचेन्दा कलां-1 के निरीक्षण में भी इंचार्ज अध्यापक द्वारा बताया गया कि आज बच्चों को दूध वितरण नहीं हुआ है क्योंकि ग्राम प्रधान जी के द्वारा स्कूल के बच्चों हेतु दुग्ध उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्राथमिक विद्यालय मेघा खेड़ी के निरीक्षण में भी आज बच्चों को दुग्ध वितरण नहीं हुआ क्योंकि ग्राम प्रधान जी द्वारा स्कूल के बच्चों के लिए दुग्ध उपलब्ध नहीं कराया गया है।

# यूपी राज्यपाल बोलीं- लड़कियों, कोई परेशान करे तो ठोक दो




**झांसी, 13 अगस्त (एजेंसी)।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को छात्राओं के बड़ी सीख दी। कहा- झांसी की रानी की तरह हिम्मत मत हारना। कोई परेशान करने आए, तो ठोक दो। घबराना मत, पीछे मत हटना। अपने आप में इतनी ताकत बनाओ कि हर चुनौती का सामना कर सको। अगर बच्चियों से कोई गलती हो जाती है, तो अभिभावकों को भी उन्हें माफ कर देना चाहिए। बच्चियों और उनके बच्चों को भी परिवार में अपनाना चाहिए। कई छोटी बच्चियों के 6 महीने या एक साल के बच्चे हैं, लेकिन परिवार उन्हें स्वीकार नहीं करता। मैं कहना चाहती हूं कि एक बार गलती हो गई है, तो उन्हें घर में जगह दें और उनका साथ दें। राज्यपाल गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे झांसी की बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के 31वें दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अगर बदलाव का संकल्प ले, तो समाज की दिशा और स्थिति दोनों बदल सकती है।

# मायावती ने पूर्व मंत्री अंटू मिश्रा को बसपा से निकाला




**लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसी)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनंत कुमार मिश्रा उर्फ अंटू मिश्रा को बसपा से निष्कासित कर दिया गया है। अंटू मिश्रा, बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा के मामा के बेटे हैं। मायावती ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अपने एक्स हैंडल पर अंटू मिश्रा के निष्कासन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनंत कुमार मिश्रा को ह्वपार्टी विरोधी गतिविधियों आदिह्व के चलते तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है। अंटू मिश्रा ने कहा कि अभी कुछ नहीं कहना चाहता हूं। एक-दो दिन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तार से अपनी बात सबके सामने रखूंगा। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच अंटू मिश्रा का निष्कासन बसपा की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। कुछ दिन पहले ही मायावती ने आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 158025 | चांदी- | 241700 |
| सिक्का- | 2505 | गिन्नी- | 111120 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 14 अगस्त, 2026**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।
**वृषभ-** आृथक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।
**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।
**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।
**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।
**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।
**तुला-** लाभ का सुयोग, आृथक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।
**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।
**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धाृमक गतिविधियों में रुचि।
**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।
**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।
**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

# एसडी कॉमर्स में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन गृहविज्ञान संकाय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ डॉ. सचिन गोयल (प्राचार्य), डीन डॉ. नवनीत वर्मा, डॉ. मोनिका रूहेला, एकता मित्तल व शिवांगी वशिष्ठ ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित कर किया। प्रतियोगिता में सानिया, अनुष्का, आशी, मरियम सारा, अनु, आयुषी, वंशिका, कमल, रूबिना, पूर्णिमा, अविका, भारती, शगुन, वैष्णवी, अदिबा व कनिष्का ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. मोनिका रूहेला, एकता मित्तल व शिवांगी वशिष्ठ रही। प्रतियोगिता का संचालन राधिका ने किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विज्ञान संकाय से सानिया व अनुष्का, द्वितीय स्थान गृहविज्ञान संकाय से शगुन व वैष्णवी तथा तृतीय स्थान मानविकी संकाय से अविका व भारती ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने सभी प्रतिभागियों तथा शिक्षकाओं का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षको एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया एवं सभी प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

# भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा, ज्ञापन सौंपा



**जानसठ, 13 अगस्त (बु.)।** भाकियू कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम रश्मि लांबा को ज्ञापन भी सौंपा। भाकियू कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को खतौली तिराहे से ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यकर्ता ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालते हुए गांव तालड़ा तिराहे पर गए। वहां से वापस खतौली तिराहे पर पहुंचे। खतौली तिराहे पर पहुंची एसडीएम रश्मि लांबा को कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाकियू तहसील अध्यक्ष बिट्टू ठाकुर, पंडित ओमप्रकाश शर्मा, योगेंद्र पहलवान, धर्मबीर राठी, राजेंद्र बालियान, टीटू वालिया, खालिद, धर्मबीर गुर्जर, प्रवेंद्र, अमर सिंह, सतबीर, इरशाद, अश्वनी, रवि, आकाश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सालय में लहराया तिरंगा



**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ मुरली भास्कर, की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत डॉ राजीव कुमार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में सबा हेल्प डेस्क मैनेजर जिला महिला चिकित्सालय तथा नर्सिंग ऑफिसर तथा स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अति-पिछड़ा एवं महादलित वर्ग को आबादी के अनुपात में अलग आरक्षण की मांग

### सामाजिक न्याय पार्टी ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** अति-पिछड़ा एवं महादलित वर्ग की सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए अति-पिछड़ा एवं महादलित वर्ग को आबादी के अनुपात में अलग आरक्षण की मांग को लेकर आज सामाजिक न्याय पार्टी ने प्रदर्शन किया। सामाजिक न्याय पार्टी ने आज प्रदर्शन के दौरान दिए ज्ञापन में कहा कि अति-पिछड़ा एवं महादलित वर्ग की राजनैतिक भागीदारी मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर से लोकसभा एवं विधानसभा की सीटों में अलग आरक्षण दिया जाए। अतिपिछडा एवं महादलित वर्ग की शैक्षिक भागीदारी मजबूत करने के लिए प्राइमरी शिक्षा से उच्च शिक्षा तक शिक्षा फ्री दी जाए। अति-पिछड़ा एवं महादलित वर्ग पर हो रहे शोषण एवं अत्याचारों को कम करने के लिए एससी/एसटी एक्ट की तरह अलग एक्ट बनाया जाए। उप्र में 1891 जनगणना के आधार पर महार व तुरैहा जाति को अभिलेखों में दर्ज किया जाए।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



# पंजाब के पूर्व डिप्टी-सीएम सुखबीर बादल पर गुरुद्वारे में हमला

**लुधियाना, 13 अगस्त (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (रअऊ) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला हुआ। पुलिस के मुताबिक, गुरुद्वारा माता साहिब कौर में एक निहंग ने उन पर कृपाण से हमला किया। बादल के हाथ में चोट लगी है। हमले के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। घटना दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर हुई। पुलिस ने हमले के आरोपी निहंग जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सुखबीर बादल परिवार के साथ नांदेड़ के गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंचे थे। हमले के बाद उन्हें यशोसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुखबीर बादल की सांसद पत्नी हरसिमरत कौर बादल को फोन कर सुखबीर का हाल जाना।

# तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे किसान, ट्रैक्टर यात्रा में गूंजी मांगें, सौंपा ज्ञापन

**चरथावल, 13 अगस्त (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को चरथावल में किसानों ने तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकालकर विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए। ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर किसानों ने देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा चरथावल ब्लॉक से शुरू होकर रोहाना तिराहा, ठाकुरद्वारा और वाल्मीकि बस्ती से होते हुए वापस चरथावल ब्लॉक पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की। किसान नेताओं ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौते का विरोध करते हुए फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी, गन्ने का उचित भाव, चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार पर रोक तथा बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों ने स्मार्ट मीटर लगाने का भी विरोध किया। इसके अलावा अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर भी आवाज उठाई गई। यात्रा के समापन के बाद किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सुनील कुमार और खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार को सौंपा। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को आगे बढ़ाने की चेतावनी दी गई। यात्रा में समद चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष आलम, ग्राम अध्यक्ष आशु राणा, ग्राम अध्यक्ष पप्पू राणा, ग्राम अध्यक्ष श्रीकांत सैनी, जिला उपाध्यक्ष रोबिन सिंह, फरमान धोनी, मोहसिन, सलीम ग्राम अध्यक्ष मुबारिक, ग्राम अध्यक्ष आरिफ और मास्टर आरिफसहित बड़ी संख्या में किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर अब कैमरों से कटेंगे चालान

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस- वे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अब तकनीक के जरिए शिकंजा कसा जा रहा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरों को अपने ई-चालान सिस्टम से जोड़ दिया है। इस एकीकरण के बाद कैमरों में दर्ज होने वाले यातायात उल्लंघनों का डेटा सीधे दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के प्रवर्तन केंद्र तक पहुंचने लगा है। फिलहाल इस व्यवस्था से निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है और अब तक 1,000 से अधिक चालान व नोटिस जारी किए जा चुके हैं।




## आय से अधिक संपत्ति का आरोप, राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के आरोपों का सीबीआई और ईडी से वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए थे। मामले में 17 अगस्त को सुनवाई होगी। इसके अलावा, राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में एक ट्रांसफर याचिका भी दाखिल की है। इसमें उन्होंने इस मामले को लखनऊ बेंच से दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की मांग की है। राहुल ने यह याचिका 7 अगस्त को दाखिल की थी। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाया था। उन्होंने उइकऔर एऊसे इसकी जांच कराने की मांग की थी। इसके बाद कोर्ट ने आरोपों के वेरिफिकेशन के आदेश दिए थे। इस मामले में उइकविग्नेश शिशिर से पूछताछ भी कर चुकी है।

## कार्यालय नगर पंचायत चरथावल (मुजफ्फरनगर)

**राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2026 के उपलक्ष में नगर पंचायत चरथावल, मुजफ्फरनगर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगरवासियों से अपील करती है कि :-**

1. नगर पंचायत नगर को स्वच्छ रखने में पूरी तरह प्रयत्नशील है। कृपया नगर को साफ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
2. खुले में शौच न करें। घर में शौचालय बनवायें ।
3. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहने दें। टोंटियां खुली न रखें।
4. डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों से बचाव हेतु छतों पर रखे बर्तनों एवं टायरों आदि में पानी इकट्ठा न होने दें।
5. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
6. पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग पूर्ण प्रतिबंधित है, इनका प्रयोग कदापि न करें।
7. सार्वजनिक स्थलों, मार्गों, सम्पत्तियों पर अतिक्रमण न करें और न दूसरों को करने दें।
8. नगर पंचायत चरथावल के सभी करों का भुगतान समय से करें ।
9. पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम में सहयोग दें और अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपने नगर को अधिक अंक दिलाने में नगर पंचायत चरथावल का सहयोग करें।
11. अपने घर का कूड़ा कूड़ेदान में इकट्ठा करें, नगर पंचायत कर्मियों के आने पर उसे कूड़े की गाड़ी में डालें।

निवेदक :-

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चरथावल
मुजफ्फरनगर

समस्त सभासदगण
नगर पंचायत चरथावल
(मुजफ्फरनगर)

(इस्लामुद्दीन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत चरथावल,
(मुजफ्फरनगर)

## कल (आज) जनपद में मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 14 अगस्त 2026 को जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के करीब 12.99 लाख बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। अभियान सरकारी स्कूलों, पब्लिक स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और मदरसों में चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित दिवस पर कृमिनाशक दवा अवश्य खिलवाएं।




## यूपी में गुटखा खाने पर आरपीएफ सिपाही सस्पेंड

**गोंडा, 13 अगस्त (एजेंसी)।** गोंडा में गुटखा खाने के आरोप में आरपीएफ के कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया। आरोप है कि कॉन्स्टेबल बुधवार शाम आरपीएफ के सुरक्षा सम्मेलन में गुटखा खा रहा था, तभी लखनऊ डिवीजन के सीनियर डिविजनल सिक्योरिटी कमिश्नर अरुण त्रिपाठी की नजर उस पर पड़ गई। उन्होंने स्पीच रोककर कॉन्स्टेबल को फटकार लगाई और कार्रवाई के निर्देश दिए। गुरुवार सुबह कॉन्स्टेबल के सस्पेंशन का आदेश जारी कर दिया गया। आरपीएफ निरीक्षक अनिरुद्ध राय ने बताया कि कॉन्स्टेबल को सस्पेंड करने के बाद लखनऊ अटैच कर दिया गया। उधर, निलंबित कॉन्स्टेबल ने गुटखा खाकर सम्मेलन में जाने से इनकार किया। कहा- उसने गुटखा नहीं खाया था, उसके होंठ ही लाल हैं।




































# सुरेश बिंदल को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे बड़ी संख्या में गणमान्य लोग














**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** जिले में उद्योगजगत के सिरमौर बिंदल ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चंद बिंदल की शोकसभा में आज जनपद तथा बाहर से आए सैंकड़ों की तादाद में गणमान्य लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। बिंदल ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चंद बिंदल की रस्म पगड़ी पर आज उनके पुत्र मयंक बिंदल को पगड़ी पहनाई गई। इस मौके पर शहर के साथ आसपास से आए बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजली दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सांसद हरेंद्र मलिक, भाकियू प्रवक्ता चौ.राकेश टिकैत, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, सतीश चंद गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल, आकाश कुमार,पूर्व विधायक अशोक कंसल, राकेश शर्मा, राहुल गोयल, नवनीत भारद्वाज, सुमित रोहल, विपुल भटनागर, अशोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजीव गर्ग, संजय अग्रवाल, अनुभव कुमार, अमित चौधरी, राजेश जैन आदि बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा व एसपी रहे सतपाल अंतिल खासतौर से इस मौके पर मौजूद रहे। बिंदल परिवार की ओर से अशोक कुमार बिंदल-सरस्वती बिंदल राकेश बिंदल-शशि बिंदल अनिल बिंदल-सुरभि बिंदल (भाई और भाइयों की पत्नियां), मयंक बिंदल-रश्मि बिंदल (बेटा और बहू), अमित बिंदल- सीमा बिंदल विकास बिंदल- शिल्पी बिंदल सचिन बिंदल- श्वेता बिंदल अंकुर बिंदल- सान्या बिंदल आयुष बिंदल- दिशा बिंदल (भतीजे और भतीजे की पत्नियां), सात्विक, सव्या (पोता और पोती), संस्कार (पोता) श्रेती (पोते की पत्नी) शिविक, शिवांश, शुभ, सौरीश, अकाए (पोते), सन्नवी, कृतिवी, अहाना (पोती) ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र जैन ने किया।







**स्व. सुरेश बिंदल जी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे गणमान्य लोग व बिंदल परिवार**











# भाकियू की ट्रैक्टर रैली से शहर हुआ जाम

## राकेश टिकैत के नेतृत्व में तिरंगे लहराते हुए निकले किसान





**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** भाकियू आज राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगी तो उसकी ट्रैक्टर रैली ने शहर की सड़कों को जाम कर दिया। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में निकाली गई 'अगस्त ट्रैक्टर क्रांति यात्रा' से जाम की हालत के बीच नगर मजिस्ट्रेट ने प्रकाश चौक पर पहुंच कर भाकियू नेताओं से वार्ता की। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में 'अगस्त ट्रैक्टर क्रांति यात्रा' शहर के प्रमुख मार्गों पर सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ निकाली गई। देश भक्ति के गीतों के साथ तिरंगों से सजे ट्रैक्टरों पर किसानों की यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महावीर चौक स्थित भाकियू कार्यालय पहुंची। संगठन के मुताबिक, यात्रा का उद्देश्य किसान एकता और देशभक्ति का संदेश देना है। बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर हिस्सा लिया। शहर के तमाम प्रमुख मार्गों से होते हुए यह ट्रैक्टर निकले तो हर तरफ जाम के हालात बन गए। मीनाक्षी चौक, शिवचौक, कोर्ट रोड व प्रकाश चौक आदि तमाम रास्तों पर जाम से लोग परेशान दिखे। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भाकियू की यह ट्रैक्टर यात्रा वर्ष 2018 से हर साल की जा रही है। अगस्त में पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगस्त का महीना देश की आजादी से जुड़ा है। इसी के चलते अगस्त ट्रैक्टर क्रांति यात्रा की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए आने वाले समय में आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी और किसान अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करेंगे। किसानों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में ट्रैक्टरों को कोई नहीं रोक सकता। ट्रैक्टर किसानों की ताकत हैं और जरूरत पड़ने पर आंदोलन में भी आगे रहेंगे। भाकियू ने बताया कि ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा सिर्फ जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगी। जिले के सभी ब्लॉकों में भी ट्रैक्टर यात्राएं निकाली जा रही हैं। आज कई स्थानों पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर यात्रा निकाली।

## तीस किलो एल्यूमीनियम तार समेत शातिर चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 30 किलो एल्यूमीनियम तार सहित एक शातिर चोर को घायल होने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी से चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करने का दावा करते हुए एक तमंचा, एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी पर मुजफ्फरनगर व मेरठ में 38 अपराधिक मामले दर्ज है। बताया गया है कि शहर कोतवाली पुलिस गांव सादपर में राजवाहे के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक बिना नम्बर की बाइक पर एक संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया रोका तो उसने बाइक को मोड़कर दौड़ा दिया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश शाहरुख उर्फ बावला निवासी गांव मैनापुट्टी थाना सरुरपुर जनपद मेरठ पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश से एक तमंचा, एक बाइक व 30 किलो एल्यूमीनियम का तार बरामद किया है।

## दो दोस्तों की हत्या: अंकित व इसरार को लगाया जहर का इंजेक्शन, जिंदा किया दफन

**बागपत, 13 अगस्त (एजेंसी)।** अवैध संबंधों का खुलासा होने पर साधु नरेशनाथ ने अपने दो शिष्यों और एक नाबालिग के साथ मिलकर सिंगौली तगा के दिव्यांग अंकित प्रजापति (28) और उसके दोस्त इसरार (30) को जहर का इंजेक्शन लगाने के बाद लहचौड़ा के श्रीगणेश मंदिर परिसर में गड्ढा खोदकर जिंदा दफन कर दिया। दोनों के शव जहां दबे हुए थे, उसके ऊपर ही धूनी जमाने के बाद साधु 14 दिन तक बैठकर पूजा करता रहा। पुलिस ने हत्यारोपी उज्ज्वल निवासी पूरनपुर नवादा को मंदिर के पास से गिरफ्तार किया तो उसने पूरी घटना का खुलासा किया। उज्जवल की निशानदेही पर ही पुलिस ने मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार तड़के ढाई बजे चार फीट गहरे गड्ढे की खोदाई कर दोनों के शव निकाले। शव काफी दिन से दबे होने के कारण क्षत-विक्षप्त हो चुके थे और कई जगह से कंकाल की तरह हड्डियां दिखने लगी थी। इस घटना में शामिल दूसरे आरोपी कृष्णा निवासी धुम्मा भुलंदी जिला जौनपुर को बृहस्पतिवार को घर से गिरफ्तार करके देर रात तक यहां लाया गया। साधु नरेशनाथ ने पूछताछ में बताया कि अंकित के परिवार की लड़की के साथ साधु नरेशनाथ के अनैतिक संबंध थे, जिसका पता चलने पर अंकित विरोध करने लगा। अंकित अपने दोस्त इसरार के साथ 25 जुलाई को बाइक पर मंदिर में आया, लेकिन वहां साधु नहीं मिला तो दोनों चले गए। उन्हें फोन करके बुलाने के बाद चाय में नशीली गोलियां मिलाकर पिला दीं और दोनों को जहर के इंजेक्शन लगाए और लहचौड़ा गांव के युवक से फावड़ा मंगवाकर मंदिर परिसर में गड्ढे की खोदाई कर दोनों को जिंदा दफन कर दिया। इसरार की बाइक मवीकलां-सांकरौद गांव के पास यमुना नदी और मोबाइल पूर्वी यमुना नहर में फेंक दिए।







1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## मानसून सत्र में संसद परिसर के प्रदर्शन

**संसद का मानसून सत्र कल समाप्त हो गया। मानसून सत्र के अन्तिम दिन लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही वंदे मातरम का पूर्ण गान हुआ। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र के अन्तिम दिन प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। दिन में 11 बजे स्पीकर ओम बिरला ने आते ही राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गान की बात कही। इसके बाद सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में कांग्रेस की रैली के बाद रामलीला मैदान में हुए कथित शुद्धिकरण हवन को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। इस पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ कथित भेदभाव के मामले की जांच कराई जाएगी। विपक्षी सांसदों ने,इस सत्र में संसद परिसर ही को नाटक, नौटंकी का मैदान बनाये रखा, तरह-तरह के स्वांग रचे गये। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों के इस कृत्य पर आपत्ति भी जताई, मगर किसी ने नहीं सुनी। सभापति ने तो संसद में भी सांसदों के असंसदीय आचरण पर सांसदों को टोका, लेकिन तब भी उनकी नहीं सुनी गयी, उनकी सुनी जाती तो संसद चल ही जाती। हर रोज संसद स्थगित हुई, इसके बाद असंसदीय आचरण करने वाले सांसदों का सत्र से निलंबन ही रास्ता बचता था, जो सभापति ने नहीं अपनाया। कल राज्यसभा में नये-नये आये पवन खेड़ा ने एक कपड़े के टेडिबियर नुमा बन्दर को लेकर परिसर में नौटंकी की, उस वीडियो को सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया, उसके बाद लोग पवन खेड़ा को बहुत भला बुरा कह रहे हैं। कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा की अगुवाई में सांसदों ने नारेबाजी करते हुए सरकार पर छात्रों के मुद्दे पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान 56 इंच का छोटा बंदर, जल्दी आओ सदन के अंदर का नारा लगाया गया। इसके बाद खेड़ा लोगों के निशाने पर आ गये, लोग उन्हें पेड़ा बनाने की बातें उनकी ही पोस्ट पर करने लगे। उनके इस प्रदर्शन पर बिहार स्थित कटिहार से उन्हीं की पार्टी के सांसद तारिक अनवर ने नाराजगी जताई। तारिक अनवर ने कहा कि मैं इससे सहमत नहीं हूँ, मेरा मानना है कि राजनीति में गरिमा बनाए रखनी चाहिए। सांसद पप्पू यादव ने भी साधु का वेश बना कर संसद परिसर में नौटंकी की थी, उनके साथ राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी लग गये थे। पप्पू यादव के इस स्वांग की बड़ी निन्दा हुई, साधु-संतों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोला और एक व्यक्ति ने उन पर जूता फेंका। विपक्षी सांसद, संसद परिसर में जाने क्या क्या करते रहे। सत्र के समापन के दौरान संसद परिसर के मकर द्वार पर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा टकराव देखने को मिला। भाजपा और विपक्षी सांसदों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। सत्ता पक्ष का आरोप था कि कांग्रेस ने झारखंड में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन को लेकर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया और राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। मानसून सत्र के समापन के बाद केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि कामकाज के लिहाज से मानसून सत्र काफी सफल रहा और इस दौरान कुल 12 विधेयक पारित किए गए, हालांकि, बहस और चर्चा के लिहाज से सत्र उतना प्रभावी नहीं रहा। रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र समाप्त हो गया। हम इसे दो नजरिए से देखते हैं। कामकाज के लिहाज से यह बहुत सफल सत्र रहा, इस दौरान कुल 12 विधेयक पारित किए गए, लेकिन बहस और चर्चा के नजरिए से यह उतना सफल नहीं रहा। लोकसभा में निर्धारित कुल समय के मुकाबले सिर्फ 19 प्रतिशत उत्पादकता रही, वहीं राज्यसभा में उत्पादकता 39 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की ओर से हंगामा और कई मौकों पर वॉकआउट किया गया, लेकिन एनडीए के ज्यादातर सांसदों के साथ कुछ विपक्षी दलों के सांसदों ने भी सदन की बहस और चर्चा में हिस्सा लिया। रिजिजू ने बताया कि लोकसभा में सिर्फ एक विधेयक पर पूरी तरह चर्चा हो सकी। यह विधेयक परीक्षाओं में पेपर लीक और अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मामलों से संबंधित था। उन्होंने कहा कि लोकसभा में सिर्फ एक विधेयक पर पूरी चर्चा हुई। यह परीक्षाओं में पेपर लीक और अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मुद्दे पर था। इसी सत्र में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट पारित किया गया। इस कानून पर लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में चर्चा हुई। सत्र में विधायी कामकाज पूरा हुआ, लेकिन विपक्ष के लगातार विरोध और हंगामे के कारण सदन में व्यापक बहस और चर्चा के लिए उपलब्ध समय का पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हो सका। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। साल 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार दूसरी बार सत्ता में थी और भाजपा प्रमुख विपक्षी दल थी। उस समय शीतकालीन सत्र पूरी तरह से निष्फल रहा था। लोकसभा सत्र में अपने निर्धारित समय के केवल 05 प्रतिशत और राज्यसभा मात्र 02 प्रतिशत ही काम कर पाई। 2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध के कारण यह सत्र पूरी तरह निष्फल रहा। विपक्ष ने जेपीसी द्वारा जांच की मांग की, जबकि सरकार ने कहा कि पीएसी भी यही काम कर सकती है। समापन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से आयोजित पारंपरिक चाय पार्टी में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बनी दूरी साफ नजर आई। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। हालांकि विपक्ष की प्रमुख पार्टी डीएमके के नेता चाय पार्टी में शामिल हुए। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर जोरदार वार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार अपनी गोल पोस्ट बदलते रहे। उनकी उद्दंडता से देश नहीं चलेगा। कभी उन्होंने जंतर मंतर पर प्रदर्शन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग उठाई, जब गृह मंत्री ने कहा कि मैं सदन में अपनी रखूंगा तो उन्होंने हाउस चलने नहीं दिया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मानसून सत्र, एक नेता के अहंकार, अनुशासनहीनता और उदंडता की भेंट चढ़ गया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को गवर्नेंस की बेसिक समझदारी नहीं है क्या? कभी गृह मंत्री के आदेश पर गोली चलती है क्या?**

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'फर्जी' 'पोस्ट' 'रील' 'खुश'**

**घटिया नारे, घटिया बातें, घटिया सी ड्रामेबाजी है,**
**पागलपन की नौटंकी हैं, इस देश के संसद परिसर में।**
**एक नेता,साधु बन बैठा, एक बन्दर, बन्दर ले आया,**
**पागलपन की नौटंकी हैं, इस देश के संसद परिसर में।**

# सीडीओ की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा रैली का हुआ शुभारंभ

## – टाउन हाल से शिव चौक, अंसारी रोड, मालवीय चौक तक लहराया तिरंगा, जनपद में दिखा देशप्रेम

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** जनपद में हर घर तिरंगा अभियान- 2026 के तहत आज तिरंगा यात्रा रैली का भव्य आयोजन किया गया। टाउन हॉल से एमएलसी वंदना वर्मा ब्लॉक प्रमुख चरथावल अक्षय कुंदीर, विधायक मीरापुर प्रतिनिधि अमरपाल, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने तिरंगा यात्रा रैली को वंदे मातरम गायन के साथ रैली को रवाना किया गया। रैली में अधिक संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक- अध्यापिकाओं, प्रधानाचार्य, अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा रैली नगर पालिका टाउन हॉल से प्रारंभ होकर शिव चौक, अंसारी रोड, मालवीय चौक से होकर वापस पहुंचकर एमएलसी वंदना वर्मा की अध्यक्षता में समापन किया गया। इस अवसर पर एमएलसी वंदना वर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान-2026 को 09 अगस्त से 17 अगस्त तक गौरव और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। रैली के दौरान



प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। ब्लॉक प्रमुख चरथावल अक्षय पुंडीर, विधायक मीरापुर प्रतिनिधि अमरपाल, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिकेश यादव, डीसी एनआरएल एम के.एन. पांडेय, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव, अपर सूचना अधिकारी नरसिंह, जिला युवा अधिकारी अवेक्षा कपूर तथा जनप्रतिनिधियों ने स्वयं हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर रैली में शामिल हुए। सीडीओ ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा रैली में जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य राजीव कुमार एवं भारत भूषण द्वारा किया गया।

# उत्तराखंड-चमोली की टनल में पानी भरा, 28 मजदूर फंसे

## लैंडस्लाइड के कारण अचानक आया मलबा, अभी तक 18 का रेस्क्यू

**चमोली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली में पीपलकोटी में निमार्णाधीन 3 किमी लंबी टनल में गुरुवार शाम लैंडस्लाइड हो गई और पानी रिसने लगा। मलबा टनल में भरने से 28 मजदूर फंस गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि 3 मजदूरों की मौत हो गई है। यह जल विद्युत परियोजना की टनल है। पुलिस, जिला प्रशासन के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बचाव दल ने अब तक 18 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है, जबकि 10 अभी टनल के अंदर फंसे हैं। सभी मजदूर छत्तीसगढ़-झारखंड के हैं। एसपी चमोली सुरजीत सिंह पंवार



के मुताबिक इनमें बाहर निकाले गए 3 मजदूरों की हालत काफी नाजुक है। अधिकारियों के मुताबिक हादसा गुरुवार 13 अगस्त को शाम करीब 7 बजे हुआ। पीपलकोटी के मायापुर में टीएचडीसी की निमार्णाधीन टनल में पानी का रिसाव और भू-स्खलन हुआ। वहां काम कर रहे मजदूर फंस गए। टनल के अंदर पानी और मलबा भरने के कारण फंसे मजदूरों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण है। बचाव दल लगातार अंदर पहुंचकर मजदूरों को बाहर निकालने में जुटे हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमारबचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। रात 9 बजे तक 22 पुलिसकर्मी, एनडीआरएफ के 27, एसडीआरएफ के 42, डीआरएफ के 4 और फायर सर्विस के 9 लोग मौके पर तैनात थे। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें गौचर और जोशीमठ से भी घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। 7 फरवरी 2021 को तपोवन टनल में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। चमोली जिले में आई भीषण बाढ़ ने तपोवन-विष्णुगाड़ जलविद्युत परियोजना की सुरंगों को भारी मलबे और पानी से भर दिया था। ऋषिगंगा नदी के ऊपरी कैचमेंट में एवलांच के बाद पानी और मलबे का सैलाब आया। इससे ऋषिगंगा और धौलीगंगा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा। सैलाब ने ठळढउ की निमार्णाधीन 520 टह तपोवन-विष्णुगाड हाइड्रोपावर परियोजना को बुरी तरह प्रभावित किया। सरकारी रिकॉर्ड में कुल 204 लोगों के लापता होने का आंकड़ा दर्ज हुआ। 23 मार्च 2021 तक 80 लोगों के शव बरामद किए जा चुके थे, जिनमें 16 तपोवन टनल से मिले थे। टनल से मिले कुछ शवों की मेडिकल जांच में डूबने के कारण दम घुटना बताया गया; शवों के फेफड़ों और पेट में पानी तथा मलबा मिला था।

# बिक रही सरकारी जमीन, मौन बैठा प्रशासन

## कार्रवाई ना होने पर अब मुख्यमंत्री से जांच कराने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में सरकारी बंजर भूमि को कुछ भूमाफिया द्वारा बेचे जाने के आरोपों को लेकर डीएम स्तर तक की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई ना होने पर अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत की गई है। सरकारी भूमि पर कथित कब्जे का प्रयास करने तथा तहसील स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। मौजा बुढ़ाना बांगर उत्तरी की जमीन से जुड़े मामले में शिकायतकर्ता जरगाम ने गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कुछ स्थानीय लोगों पर सरकारी बंजर भूमि पर कब्जा कराने और भूमि बेचने के प्रयास में शामिल होने के आरोप भी लगाए। उन्होंने भूमि की अवैध बिक्री में लेखपाल, कानूनगो और नायब तहसीलदार की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की। यह विवाद मौजा बुढ़ाना बांगर उत्तरी की गाटा संख्या 1933 और 1995 से जुड़ा है। आरोप है कि गाटा संख्या 1933 को गाटा संख्या 1995 में स्थापित करने के लिए नियमों के विपरीत कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि पूर्व में गठित संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट और पैमाइश को नजरअंदाज कर करीब दो किलोमीटर दूर से पैमाइश कराई गई, जिससे



लगभग 50-55 मीटर भूमि का अंतर सामने आया। उन्होंने राजस्व अभिलेखों के अनुसार मौके पर दोबारा निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की है। जरगाम ने दावा किया कि वह इस मामले को लेकर दो-तीन बार जिलाधिकारी से मिल चुके हैं। उनके अनुसार जिलाधिकारी ने एसडीएम बुढ़ाना को लेखपाल से अलग किसी अधिकारी से जांच कराने के निर्देश दिए, लेकिन जांच फिर उन्हीं राजस्व कर्मचारियों को सौंप दी जाती है जिनकी भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने मामले की जांच किसी दूसरी तहसील के अधिकारियों से कराने की मांग की है। मामला मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचने के बाद अब राजस्व विभाग की जांच और आगे की कार्रवाई पर नजर है। शिकायत में संबंधित गाटा नंबरों की दोबारा जांच, मौके पर निष्पक्ष पैमाइश और यदि अभिलेखों में अनियमितता मिलती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इसमें मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।


**आवश्यकता है**



**ग्रेन चैम्बर हॉस्पिटल**
नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
को **दो ट्रेंड नर्स** एवं **एक चौकीदार** की।
तुरन्त सम्पर्क करें-
**M.: 9927003400 मंत्री**


# जज्बा -12 दौड़ के निमंत्रण के लिए निकाली तिरंगा बाइक रैली

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** जिले में होने वाली प्रतिष्ठित जज्बा-12 दौड़ के निमंत्रण हेतु एक विशाल तिरंगा बाइक रैली समर्पित युवा समिति एवं समर्पित महिला शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में निकली गई, जिसमें सैकड़ों युवक युवतियों महिला पुरुषों बच्चों बुजुर्गों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक कंसल, सत्यप्रकाश रेशु, प्रवीण खेड़ा, विशाल गर्ग, आदेश गौतम, हरीश गुप्ता, संजीव अरोड़ा, पवन अरोड़ा, विवेक चुग, ममता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, साधना मेहता, सभासद सतीश कुकरेजा, ऋतु त्यागी, शोभित गुप्ता सहित



अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली गांधी वाटिका मेन रोड गांधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर द्वारिकापुरी, गौशाला रोड, पटेल नगर, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झाँसी रानी चौक होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर संपन्न हुई। आधा दर्जन स्थानों पर बाइक रैली का पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया।

# गोरखपुर में बिजली ठेकेदार के हत्यारों को फांसी की मांग

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के आह्वान पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर गोरखपुर में बिजली ठेकेदार शिवकुमार तिवारी पर तलवार से वार कर निर्मम हत्या के विरोध में ज्ञापन दिया। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के कार्यकर्ताओं ने आज डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर गोरखपुर के शिवकुमार तिवारी हत्याकांड पर रोष जताते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए और



दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलने की कार्यवाही हो, मृतक परिवार को सरकार द्वारा 5 करोड़ की सहायता राशि दी जाए, मृतक परिवार को सरकारी नौकरी दी जाए तथा इस प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में तुरंत की जाए। प्रदर्शन में अखिल वत्स, सुभाष गौतम, अश्वनी शर्मा, प्रहलाद कौशिक, सीटू शर्मा, राहुल शर्मा, अभिषेक शर्मा, मोहित शर्मा, अमरनाथ शर्मा, योगेश शर्मा, सुबोध शर्मा, प्रमोद शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ में जागरुकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्हें अपने घर, महाविद्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के संबंध में कार्यक्रम समन्वयक अंचल अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छता और नशामुक्ति दोनों ही स्वस्थ एवं विकसित समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. पूनम शर्मा, प्राचार्या; संजीव कुमार, सोनिया



गौड़, अंचल अग्रवाल, राखी प्रमोद तुपे, मिन्नी सिंघल, अक्षी कश्यप, विध्वेंद्र, आशीष कुमार, विनय, प्रीति एवं कृष्णपाल का सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने भी दोनों कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने, नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के संदेश के साथ किया गया।

# पुरकाजी नगर पंचायत में सौहार्दपूर्ण माहौल में बोर्ड बैठक सम्पन्न



**पुरकाजी, 13 अगस्त (बु.)।** बृहस्पतिवार को नगर पंचायत पुरकाजी में बोर्ड बैठक चेयरमैन जहीर फारूकी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर मंथन किया गया। साथ ही कांवड़ यात्रा में नगर पंचायत पुरकाजी द्वारा की गई व्यवस्थाओं को समीक्षा भी की गई। चेयरमैन जहीर फारूकी ने इस बार कांवड़ यात्रा में जो कमियां रह गई हैं, उनसे आगामी वर्ष में होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए अभी से रूपरेखा एवं प्रस्ताव पारित कर दिए हैं। नगर पंचायत पुरकाजी को 15 अगस्त पर सजाया जाएगा। सूली वाला बाग से लेकर रोडवेज बस स्टैंड तक एक्स्ट्रा स्पीकर लगाए जायेंगे, जिन पर देशभक्ति के गीत कल से चलने शुरू हो जाएंगे। पुरकाजी के विकास कार्यो को लेकर भी चर्चा हुई। बोर्ड बैठक में पुरकाजी में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए कूड़ा फेंकने वालो पर जुर्माना लगाने पर भी चर्चा हुई। नगर पंचायत पुरकाजी में कुछ जगहों पर बारिश में जलभराव आदि के समाधान पर भी बोर्ड ने ध्यान दिया। सौहार्दपूर्ण माहौल में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा, समर बाबू, विकसित, रजनेश, फहमीदा, निसार अहमद, इशरत जहां, शाहआलम गौड, इस्तखार उर्फ लाल्ला, आतिफ खान, शबनम, नदीम अहमद, फरजाना, आजाद फरीदी, आलम कुरैशी, विशाल, मसरूर खान, निर्वाचित सभासदों तथा रजत गोयल, पप्पू धीमान मनोनीत सभासदों ने भाग लिया।

## भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जानसठ, 13 अगस्त (बु.)।** भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से तिरंगा यात्रा निकाली। बृहस्पतिवार को ब्लॉक परिसर में शहीद स्मारक से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया, जो कस्बे के मुख्य मार्ग से निकली गई। तिरंगा यात्रा में डीएवी इंटर कॉलेज, सरस्वती इंटर कॉलेज व कृष्णा शिशु निकेतन स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान तिरंगा यात्रा के संयोजक प्रदीप सैनी, पूर्व चेयरमैन यनेश तंवर, एलडीबी के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रविंद्र भड़ाना, मंडल अध्यक्ष रोहित खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री गौरव वाल्मीकि, रामनिवास प्रजापति, सभासद सुशील कुमार, विकास राजपूत, सचिन सैनी, सुनील कश्यप आदि शामिल रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम दीपाली था, जोकि मैंने अपना बदलकर **दीपा पाल** रख लिया है। भविष्य में मुझे दीपा पाल के नाम से ही जाना जायेगा।

**दीपा पाल**
**पत्नी अरुण कुमार**
**निवासी-524-इंदिरा कॉलोनी, मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7797, दिनांक 2/8/2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम नगर पालिका मुजफ्फरनगर में दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम काव्या चौहान (KAVYA CHOUHAN) है। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**धीरज कुमार**
**बैंक वाली गली, जानसठ रोड, अलमासपुर, मुजफ्फरनगर**


# अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक घायल

## – ई-रिक्शा सड़क पर पलटा, हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हुआ

**मीरापुर, 13 अगस्त (बु.)।** मीरापुर से देवल जा रही ई-रिक्शा में शिवपुरी गांव के सामने तेज गति से आ रही अनियंत्रित कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और चालक उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। रामराज थाना क्षेत्र के गांव देवल निवासी राजू पुत्र रतन ई-रिक्शा चलाता है। गुरुवार को करीब 11 बजे वह ई-रिक्शा लेकर मीरापुर से देवल की ओर जा रहा था। जैसे ही वह शिवपुरी गांव के सामने पहुंचा, तभी पीछे से तेज गति से आई एक अनियंत्रित कार ने उसकी ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और राजू उछलकर काफी दूर जा गिरा। हादसे में ई रिक्शा चालक राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने दौड़कर घायल को उठाया पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राजू को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भिजवाया। हादसे के बाद कार चालक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कार की तलाश में जुट गई।



# हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के 'प्रधानाचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक में देश के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का संदेश देता है। 'बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश के भविष्य हैं और उनमें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। 'बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने कहा कि तिरंगा भारत की विविधता विद्यार्थियों से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और उसके गौरव को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम की 'समन्वयक पूर्वी सिंघल ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी "हर घर तिरंगा " विषय पर अपने विचार व्यक्त किए तथा देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान से संबंधित अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कॉलेज के 'समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





# एमजी पब्लिक में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की राष्ट्रप्रेम की भावपूर्ण झलक

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल प्रांगण में 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न देशभक्ति एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इंटर हाउस देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सुरीली आवाज, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना से सभी का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने टाउनहाल परिसर से निकाली गई हर घर तिरंगा जनजागरूकता यात्रा में भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर राष्ट्रध्वज के सम्मान और देशभक्ति का संदेश दिया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इंटर हाउस देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में नानक, कृष्णा, रामा और टैगोर सदनों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। हिंदी में आयोजित इंटर हाउस देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने अपनी सुरीली आवाज, आत्मविश्वास और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के सहारे इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विद्यार्थियों ने गीतों के माध्यम से देश के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। चारों सदनों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। उनके भावपूर्ण गायन और ओजपूर्ण प्रस्तुतियों से विद्यालय का वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में अपने गायन कौशल के सहारे रामा हाउस प्रथम, कृष्णा और टैगोर हाउस संयुक्त रूप से द्वितीय तथा नानक हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इसी क्रम में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षा आधारित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित कोलाज तैयार किए, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया तथा हस्तनिर्मित तिरंगा सामग्री बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास, वीर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया गया। गुरुवार सुबह टाउनहाल परिसर से निकाली गई हर घर तिरंगा जनजागरूकता यात्रा में भी एम.जी. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का दिन है, जिनके संघर्ष से देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझना चाहिए। देश के प्रति सच्ची श्रद्धा तभी सार्थक होगी, जब हम ईमानदारी, अनुशासन, आपसी सम्मान और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं तथा तिरंगे के सम्मान को सदैव सर्वोच्च स्थान दें। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।





# शाहपुर में भाकियू ने सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**शाहपुर, 13 अगस्त (बु.)।** कस्बे में ब्लॉक के भाकियू कार्यकर्ताओं ने संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बालियान के नेतृत्व में खंड विकास कार्यालय से गांव सोरम गेट तक सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को लेकर किसानों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। सोरम गेट पर यात्रा के समापन के अवसर पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह को सौंपा गया। भाकियू कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई। इस अवसर पर वीरेंद्र प्रधान, विजेंद्र बालियान, अखलाक चौधरी, मास्टर रामपाल सिंह, विजेंद्र चेयरमैन सहित भाकियू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


**रस्म पगड़ी**

ॐ शान्ति ओम ॐ शान्ति ओम



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
**श्री प्रकाश चन्द सिंघल जी**
का स्वर्गवास दिनांक 04 अगस्त 2026, दिन-मंगलवार को हो गया था।
परमपिता परमेश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।
**रस्म पगड़ी: दिनांक- 14 अगस्त 2026, दिन-शुक्रवार को होनी निश्चित हुई है।**

**शोक सभा**
ब्रह्मभोज.................................. 12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ..................................02:00 बजे दोपहर

स्थान:- **आशीर्वाद बैंकट हॉल**, लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर।

**-:शोकाकुल परिवार:-**

पुत्र-पुत्रवधू
मंजू सिंघल पत्नी स्व. सतीश कुमार सिंघल
बीना सिंघल-नरेन्द्र कुमार सिंघल (रिटायर्ड यूनियन बैंक)
सुनीता सिंघल-अनिल सिंघल
रेखा सिंघल-मनोज सिंघल (पूर्व सभासद)
रमा सिंघल पत्नी स्व. नीरज सिंघल

पौत्र-पौत्रवधू
सोनिया सिंघल-अमूल सिंघल
अंकित सिंघल,
प्रिया सिंघल-विपुल सिंघल,
नीतू सिंघल-मनिक सिंघल
समिक्षा सिंघल-तपन सिंघल
सुकृति सिंघल-सपन सिंघल
ध्रुव सिंघल,
मनु सिंघल-शाभित सिंघल
(नगर पालिका परिषद,मुजफ्फरनगर)

-:प्रतिष्ठान:-
मै0 घमण्डी लाल सतीश कुमार, नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर
मै0 श्री साईनाथ ट्रेडिंग कं0, नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर
मै0 ए0एण्ड एम0 एंटरप्राईजेज, पटेल नगर, मुजफ्फरनगर
मै0 चर्शिका पैकेजिंग एल0एल0पी0, देहरादून

प्रपौत्र-प्रपौत्री
ऋषित, अयान, लक्षित, चार्वी,
क्रिशिका, मायरा, निया, श्रीजी

M:.9897462575, 9837102460, 8077386896, 9927003933, 7417709998

# मीरापुर में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

▸▸ दो पैथोलॉजी लैब सील की ▸▸ छापेमारी से झोलाछाप चिकित्सकों, मैडिकल स्टोर संचालकों में हड़कम्प मचा









**मीरापुर, 13 अगस्त (बु.)।** मीरापुर कस्बे में स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी करते हुए दो पैथोलॉजी लैब सील की स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों व मैडिकल स्टोर संचालकों में हड़कम्प मच गया और अधिकांश क्लीनिक धड़ाधड़ बन्द हो गए। मीरापुर में पिछले काफी दिनों से झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा अवैध अस्पताल, अवैध पैथोलॉजी लैब व क्लीनिक चलाकर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किये जाने की शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिल रही थी। गुरुवार को सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम मीरापुर पहुँची और यहाँ मॉर्डन पैथोलॉजी लैब व स्टार पैथोलॉजी लैब पर छापेमारी की तथा दोनों पैथोलॉजी लैब की जांच की, तो दोनों लैब पर कोई भी अधिकृत डॉक्टर नहीं मिला और न ही यहाँ मौजूद कर्मचारी लैब के पंजीकरण संबंधित कोई प्रपत्र दिखा सके, जिस पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह ने दोनों लैब को तीन दिन के अंदर पंजीकरण संबधी प्रपत्र उपलब्ध कराने का नोटिस दिया और दोनों लैब सील कर दी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से मीरापुर में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में कस्बे के समस्त क्लीनिक, मैडिकल स्टोर बंद हो गए। डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध अस्पतालों, मैडिकल स्टोर संचालकों व झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।

**रक्तदान शिविर लगाने वाले भी फरार हुए**

**मीरापुर, 13 अगस्त (बु.)।** कस्बे में पानी की टंकी के समीप बाबा चेरिटेबिल ब्लड सेंटर द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम की छापेमारी की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई, तो रक्तदान शिविर लगाने वाले भी मोके से फरार हो गए। बताया गया है कि उक्त रक्तदान शिविर लगाने वालो के पास कोई अधिकृत अनुमति नहीं थी।

**सीएचसी प्रभारी ने पीएचसी में देखे मरीज**

**मीरापुर, 13 अगस्त (बु.)।** मीरापुर में छापेमारी करने पहुंचे सीएचसी प्रभारी अचानक मीरापुर पीएचसी पहुंच गए, यहाँ मरीजों की भारी भीड़ लगी थी, जिस पर सीएचसी प्रभारी डॉ.अर्जुन सिंह ने यहाँ ओपीडी शुरू की और मरीज देखें और मरीजों को दवाइयां दी।

## अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** शहर के कई इलाकों में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में गुस्साए लोगों ने बिजलीघर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिजली कटौती की कोई स्पष्ट जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दी गई। लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी और उमस के बीच रात में घंटों बिजली बंद रहने से घरों में रहना मुश्किल हो गया। पंखे और कूलर बंद होने के कारण बच्चे और बुजुर्ग परेशान रहे। अघोषित बिजली कटौती को लेकर देर रात लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। नगर के खादरवाला, प्रेमपुरी और कृष्णापुरी समेत कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रहने से परेशान लोग रात करीब 12 बजे शामली रोड स्थित ईदगाह बिजलीघर पहुंच गए। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारी शामली रोड पुलिस चौकी के बाहर सड़क पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिना किसी सूचना के घंटों बिजली बंद रहने से गर्मी और उमस में लोगों की हालत खराब हो गई। रात के समय बिजली कटौती से बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। दूसरी ओर कच्ची सड़क पर कई घंटे तक बिजली नहीं आने पर लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समय रहते बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई। इसके बाद लोगों ने बिजलीघर पर हंगामा किया।



## प्रेमी के घर 11वीं की दो सहेलियों ने घर वालों के पहुंचने पर फांसी लगाई

**सहारनपुर, 13 अगस्त (एजेंसी)।** 11वीं में पढ़ने वाली दो सहेलियों ने गुरुवार दोपहर फंदे पर लटक गईं। इससे एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी फंदा खुलने से बच गई। वह फर्श तड़पते हुए पड़ी मिली। थाना चिलकाना क्षेत्र के एक गांव की दो छात्राएं सुबह घर से गर्ल्स कॉलेज के लिए निकली थीं, लेकिन वो एक लड़के से मिलने चली गई थीं। इसकी भनक परिजनों को लग गई। वे लड़के के घर पहुंच गए। इससे दोनों लड़कियां डर गईं और फंदे पर लटक गईं। जिस छात्रा की मौत हुई है, उसका लड़के के साथ संबंध था। वारदात के बाद वह मौके से भाग निकला। गांव पटनी की दो और कस्बा चिलकाना की एक छात्रा आपस में सहेलियां हैं। तीनों गुरूवार सुबह घर से 3 किमी. दूर सुल्तानपुर स्थित इंटर कॉलेज जाने के लिए निकली थी। लेकिन वे कॉलेज न जाकर कॉलेज से एक युवक के खाली घर पहुंच गईं। एक छात्रा की सहेली ने परिजनों को बताया कि आपकी बेटी का दक्ष शर्मा (20 साल) से प्रेम संबंध है। वो अपनी दोस्त के साथ उसके ही घर गई है। दक्ष शर्मा का घर सुल्तानपुर मोहल्ले में स्कूल से 25 मीटर की दूरी पर है। कुछ ही देर में सभी वहां पहुंच गए। परिजनों ने मकान का दरवाजा खटखटाना शुरू कर दिया। दरवाजा नहीं खुलने पर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। उस समय दोनों छात्राएं मकान के अंदर ही थीं। बाहर परिजनों और लोगों की भीड़ देखकर दोनों घबरा गईं। दोनों छात्राओं ने अपने स्कूल के दुपट्टे से फंदा बनाया और लटकने का प्रयास किया। एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं दूसरी छात्रा का फंदा खुल गया था और वह नीचे गिर गई थी। दोनों छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने एक छात्रा को मृत घोषित कर दिया। दूसरी का मेडिकल कराया जा रहा है और पुलिस उसकी हालत पर नजर रखे है।







